विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(संसदीय अनुभाग)

संख्याः**274**/वि0स0/संसदीय/2(सं)/2022

प्रेषक,

बृज भूषण दुबे,
विशेष सचिव।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

विधान भवन, लखनऊ।
दिनांकः **14 मई, 2022**

महोदय/महोदया,

इस सचिवालय की अधिसूचना संख्याः**244/वि0स0/संसदीय/09(सं)/2022, दिनांक 11 मई, 2022** के क्रम में मुझे आपको यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के **दिनांक 23 मई, 2022 से 31 मई, 2022** तक के उपवेशनों का प्रस्तावित तिथिवार कार्यक्रम, जैसा कि वह माननीय अध्यक्ष, विधान सभा द्वारा अनन्तिम रूप से स्वीकृत हुआ है, **संलग्नक–एक** के रूप में आपकी सूचनार्थ संलग्न है।

आपको यह भी सूचित करना है कि श्री राज्यपाल ने ''भारत का संविधान'' के **अनुच्छेद 202** के साथ पठित, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम **183** के अनुसरण में वित्तीय वर्ष **2022–2023** के आय–व्ययक को उत्तर प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत किये जाने के लिए दिनांक **26 मई, 2022** की तिथि नियत की है। तदनुसार उक्त वित्तीय वर्ष **2022–2023** का आय–व्ययक दिनांक **26 मई, 2022** को **11:00** बजे पूर्वाह्न सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। **असरकारी दिवस दिनांक 27 मई, 2022 को (आधा दिन) दिया जाना प्रस्तावित है।**

उक्त प्रसंग में मुझे आपको यह भी सूचित करना है कि उक्त कार्यक्रम में विधायी कार्यो के लिए निर्दिष्ट दिनांकों को **संलग्नक–दो** में उल्लिखित अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयकों एवं कतिपय अन्य नये विधेयकों को ऐसे क्रम में विचारार्थ लिए जाने की सम्भावना है जिसकी सूचना आपको यथासमय पृथक से दी जायेगी।

भवदीय,

संलग्नकः–यथोक्त।

(बृज भूषण दुबे)
विशेष सचिव।

उत्तर प्रदेश विधान सभा का दिनांक **23 मई, 2022** से दिनांक **31 मई, 2022** तक का प्रस्तावित तिथिवार कार्यक्रम, जैसा कि **मा0 अध्यक्ष, विधान सभा** द्वारा **अनन्तिम रूप** से स्वीकृत हुआ

23 सोमवार	1- <u>11-00 बजे पूर्वाह्न</u> राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण। 2- <u>12-30 बजे अपराह्न</u> (1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना। (2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुर:स्थापन आदि यदि कोई हो।
24 मंगलवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा ।
25 बुधवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा ।
26 गुरूवार	1- <u>11-00 बजे पूर्वाह्न</u> वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण । 2- श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा । 3- विधायी कार्य
27 शुक्रवार	1- श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा । 2- विधायी कार्य 3- असरकारी दिवस (आधा दिन)
28 शनिवार	वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।
29 रविवार	बैठक नहीं होगी ।
30 सोमवार	वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।
31 मंगलवार	1- वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक के अनुदानों की माँगों पर विचार एवं मतदान। 2- <u>03-00 बजे अपराह्न</u> उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2022 का सदन की अनुज्ञा से पुर:स्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

संलग्नक-दो

विगत सत्र के पश्चात प्रख्यापित अध्यादेश

1- भातखंडे राज्य संस्कृति विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2022 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 1 सन् 2022)

2- उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2022 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 2 सन् 2022)

3- उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास (संशोधन) अध्यादेश, 2022 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 3 सन् 2022)

4- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2022 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 4 सन् 2022)